# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), फैक्स–0771–2262818, 2262607


क्रमांक : 1628 / अका. / सम्बद्धता / 2021 रायपुर, दिनांक : 23 / 03 / 2021

**।। आदेश ।।**

विश्वविद्यालय विद्या–परिषद् की बैठक दिनांक 09.03.2021 की अनुशंसा एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 16.03.2021 के अनुमोदनानुसार, **श्यामबालाजी महाविद्यालय, जिला–महासमुंद (छ.ग.)** को निम्नानुसार दर्शित कक्षा / विषय के लिये सत्र 2020–21 से अस्थायी सम्बद्धता सशर्त प्रदान की जाती है:–

| क्र. | कक्षा / विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. प्रथमवर्ष (हिंदी साहित्य,राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र)नवीन विषय | 60 सीट | 2020–21 |
| 2 | पी.जी.डिप्लोमा इन योगा साइंस (नवीन विषय) | 20 सीट | |

**शर्तें :–**

01 महाविद्यालय को छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र कमांक एफ 17–83 / 2020 / 38–2 दिनांक 27.08.2020 द्वारा नवीन पाठ्यकमों की अनुमति प्रदान की गई है। शासन के द्वारा उपरोक्त आदेश पर किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर, पाठ्यक्रम की संबद्धता पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।

02. प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन प्रवेश मार्गदर्शिका के सिद्धांत एवं विश्वविद्यालय के अध्यादेशों का नियमानुसार पालन करेंगे एवं छत्तीसगढ़ के छात्रों को प्राथमिकता देंगे।

03. प्रावधानानुसार महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रों से किसी भी प्रकार का डोनेशन न लिया जाये।

04. शिक्षकों / कर्मचारियों को नियमानुसार पूर्ण वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से की जावे।

05. इण्डोमेंट फण्ड की राशि कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर एवं संस्था प्रमुख के संयुक्त नाम पर सावधि खाते में जमा कर, एफ.डी.आर. की मूलप्रति विश्वविद्यालय में जमा करेगें ।

06. समय–समय पर विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करेंगे।

07. निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित विंदूओं की पूर्ति करने के शर्त पर अस्थायी सम्बद्धता दिये जाने की अनुशंसा की गई है।

08. जाँच प्रतिवेदन के भाग 'ब' में दर्शित कमियों (प्रति संलग्न) की पूर्ति व परिनियम 28 के तहत् न्यूनतम / आवश्यक शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति आदेश निर्गमन की तिथि से तीन माह में नियुक्त / पूर्ण कर, विश्वविद्यालय को सूचित करें ।

09. शासन द्वारा जारी पत्र की सभी शर्तों के पालन 03 माह के अंदर पूर्ण कर, विश्वविद्यालय को सूचित करें।

10. परिनियम–27 एवं 28 का पालन करें ।

**उक्त शर्तों की पूर्ति न करने की स्थिति में महाविद्यालय को दी जा रही उपर्युक्त विषयों की सम्बद्धता आगामी सत्र से वापस ले ली जाएगी ।**

आदेशानुसार,
23.3.21

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)**

पृ. क्रमांक 1629 / अका. / सम्बद्धता / 2021 रायपुर, दिनांक 23 / 03 / 2021

**प्रतिलिपि :–**

01 आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी, द्वितीय / तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

02 संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)।

03 संबंधित महाविद्यालय के संचालक / प्राचार्य को।

04 संचालक, शारीरिक शिक्षा / विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययन शाला,

05 स.कु.स. परीक्षा / परीक्षा सेमेस्टर / नामांकन / उ.कु.स. गोपनीय / वित्त नियंत्रक / विकास,

06 अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययनशाला को इस निवेदन के साथ की इसे विश्वविद्यालय के वेबसाईट में सूचनार्थ Up-Load करें,

07 कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।

**कक्ष अधिकारी (अका.)**

# भाग "ब"

भाग 'अ' में दी गई जानकारी के सत्यापन के बाद निरीक्षण समिति द्वारा भरा जाए।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम के संचालन के लिए निरीक्षण समिति का बिंदुवार प्रतिवेदन।

[प्रतिवेदन में अनुशंसा न की जाए अपितु पात्रता/अपात्रता का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। कमियों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, जिन्हें सम्बद्धता के लिए शर्त के रूप में मान्य किया जा सके।]

1. स्नातक स्तर (बी॰ए॰ भाग I) हेतु हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र सहित योग की पुस्तकें इस महाविद्यालय में नहीं है। इसकी 20-20 प्रतियाँ खरीदी जाए।
2. यौगिक क्रियाओं के लिए 20 नेति लोटा एवं दरी खरीदी जाए। विद्यार्थियों के लिए 20 writing Yoga table भी खरीदा जाए।
3. भाषा, साहित्य, समाजशा॰, राजनीति शा॰, योग हेतु U.G.C. के मापदण्डों के अनुसार सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की जाए। इस हेतु वर्तमान में संख्या निरंक।
4. इस महाविद्यालय के इसी भवन में वर्ष 2014-15 से बी॰एड॰ की कक्षाएं, वर्ष 2018 से PGDCA, DCA एवं वर्ष 1991 से KG-1 से 12th तक की कक्षाएं क्रमशः द्वितीय, तल एवं भूतल पर संचालित होती हैं।
5. अध्यापन हेतु कक्षों, ब्लैकबोर्ड, बेंच आदि पर्याप्त संख्या में है।

निरीक्षण समिति के संयोजन का नाम एवं हस्ताक्षरण
(हस्ताक्षर) 11/2/21 प्रो॰ (डॉ॰) भगवंत सिंह (तुलनात्मक धर्म एवं दर्शन शास्त्र, अध्ययनशाला - पं॰ र॰ शु॰ वि॰ वि॰ रायपुर (छ॰ग॰)

<u>निरीक्षण दल के सदस्यों के हस्ताक्षर – नाम–पता</u>
(हस्ताक्षर) 11.02.21 1. डॉ॰ निस्तर कुजूर, समाजशास्त्र- अ॰शा॰, पं॰ र॰ शु॰ वि॰ वि॰, रायपुर (छ॰ग॰)

(हस्ताक्षर) 2. प्रो॰ (डॉ॰) अनुसुइया अग्रवाल, डी॰लिट्॰

विषय विशेषज्ञ /विशेषज्ञों के हस्ताक्षर एवं नाम–पता
11/02/2021 शा॰ म॰ द॰ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

दिनांक 11/02/2021

प्रति,

कुलसचिव,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

===